## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 22/2024

अनवान : –

1. केसरदेवी पुत्री भानीराम पत्नी गुमानाराम जाति जाट निवासी भानीपुरा तहसील सश्दारशहर।

**–प्रार्थी**

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

**– अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र रिकार्ड दुरस्ती**
**अन्तर्गत धारा 136 लैण्डरैवेन्यू एक्ट**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **प्रार्थी**
राजपेरोकार

**निर्णय** दिनांकः 15/10/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट. के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा ढाणी भाम्भूआन तहसील नोहर के खाता स0 71/63 की कुल 5.9940 हैक्ट भूमि में से 1/12 हिस्सा भूमि सायला के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि में प्रार्थीया का नाम विरासतन इंतकाल दर्ज करते समय इन्द्रा पुत्री भानीराम दर्ज है जो कि सहवन से दर्ज हुआ है प्रार्थीया का वास्तविक व सही नाम प्रार्थी के दस्तावेजो यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व राशन कार्ड आदि में केशर देवी दर्ज है।

राजस्व रिकार्ड में प्राथीर्या का नाम गलत दर्ज होने से प्रार्थी को विभिन्न प्रकार की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए प्रार्थीया राजस्व रिकार्ड में इन्द्रा के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम इन्द्रा उर्फ केसर देवी दर्ज करवा पाने का अधिकारी है।

प्रार्थी ने अप्रार्थी संख्या 1 को काफी मर्तबा कहा कि प्रार्थीया का नाम इन्द्रा के स्थान पर सही नाम केसर देवी दर्ज कर देवे जिससे प्रार्थी का कोई हिस्सा कम अथवा ज्यादा नही होना केवल नाम ही सशोधित होना है परन्तु अप्रार्थी संख्या 1 कुछ दिन तो आजकल करते रहे अंत में इन्कार हो गये इसलिए यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया। तहसीलदार राजस्व नोहर द्वारा जवाब पेश किया गया जो की शामिल मिसल किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.10.28 16:54:57 IST
Reason: SelfAttested

बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थीया का सही नाम केसर देवी है जबकि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम इन्द्रा दर्ज हो गया जिससे प्रार्थीया को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

करना पड़ता है। अतः मुताबिक प्रार्थीया के दस्तावेजों के आधार पर राजस्व रिकार्ड में सही नाम इन्द्रा उर्फ केसर देवी दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा ढाणी भाम्भूआन तहसील नोहर के खाता स0 71/63 की कुल 5.9940 हैक्ट भूमि में से 1/12 हिस्सा भूमि सायला के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। प्रार्थी अपना नाम इन्द्रा के स्थान पर इन्द्रा उर्फ केसर देवी दर्ज करवाना चाहती है। प्रार्थीया के नाम के संबंध में गुडडी, बाला, मीरा, विमला पुत्रीयान भानीराम द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया है तथा पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात यथा आधार कार्ड, आदि में प्रार्थीया का नाम केसर देवी अंकित है।

अतः प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि रोही मौजा ढाणी भाम्भूआन तहसील नोहर के खाता स0 71/63 की कुल 5.9940 हैक्ट भूमि में से 1/12 हिस्सा भूमि में प्राथीर्या का नाम **इन्द्रा के स्थान पर इन्द्रा उर्फ केसर देवी का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच इन्द्रा के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का इन्द्रा के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थीया का नाम इन्द्रा ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। तहसीलदार नोहर को निर्णय की प्रति प्रेषित कर पालना हेतु पृथक से लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया पत्रावली फैसला शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हों एवं उक्त निर्णय शामिल पत्रावली किया गया।

**(पंकज गढ़वाल R.A.S)**
**उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)**
**एवं सहायक कलक्टर**
**नोहर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.10.28 16:54:57 IST
Reason: SelfAttested

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, नोहर

पीठासीन अधिकारी : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

क्रमांक : रीडर/सशोधन/2024/ 1057 दिनांक : 18/10/24

**तहसीलदार,**

**नोहर।**

विषय :– प्रकरण स0 22/2024 अनवानी केसरदेवी बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के संबंध में।

प्रकरण संख्या – 22/2024

अनवान : –

1. केसरदेवी पुत्री भानीराम पत्नी गुमानाराम जाति जाट निवासी भानीपुरा तहसील सश्दारशहर।

**–प्रार्थी**

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

**– अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा ढाणी भाम्भूआन तहसील नोहर के खाता स0 71/63 की कुल 5.9940 हैक्ट भूमि में से 1/12 हिस्सा भूमि में प्राथीर्या का नाम **इन्द्रा के स्थान पर इन्द्रा उर्फ केसर देवी का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच इन्द्रा के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का इन्द्रा के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थीया का नाम इन्द्रा ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड मे अमल दरामद हो।

**(पंकज गढ़वाल R.A.S)**
**उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)**
**एवं सहायक कलक्टर**
**नोहर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.10.28 16:54:57 IST
Reason: SelfAttested